लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.: 420
उत्तर देने की तारीखः 19.11.2019

मैट्रिक पूर्व, मैट्रिकोत्तर और साधन सह-योग्यता छात्रवृत्तियां

420. श्री बी.वाई. राघवेन्द्रः
श्री नलीन कुमार कटीलः
श्री डी.के. सुरेशः

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान मैट्रिक-पूर्व, मैट्रिकोत्तर और साधन सह-योग्यता छात्रवृत्तियां प्राप्त करने वाले छात्रों की वर्ष और श्रेणी-वार कुल संख्या कितनी है;
(ख) इन छात्रों को छात्रवृत्ति देने के लिए कुल कितनी राशि व्यय की गयी है;
(ग) क्या सरकार ने प्रत्येक छात्र को दी गई छात्रवृत्ति राशि में संशोधन किया है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर
सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
(श्री रतनलाल कटारिया)

(क) और (ख): पिछले तीन वर्षों के दौरान, अनुसूचित जातियों के छात्रों के लिए मैट्रिकपूर्व छात्रवृत्ति, अनुसूचित जातियों के छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति, अनुसूचित जातियों के छात्रों के लिए उत्कृष्ट श्रेणी शिक्षा, अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए मैट्रिकपूर्व छात्रवृत्ति, अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति, अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए राष्ट्रीय फैलोशिप, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (ईबीसी) के लिए डॉ. अंबेडकर मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति, विमुक्त, घुमन्तू तथा अर्ध-घुमन्तू जनजातियों (डीएनटी) के लिए डॉ. अंबेडकर मैट्रिकपूर्व तथा मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति और अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की मैट्रिक तथा मैरिट-कम-मीन्स छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत लाभार्थियों और इन योजनाओं के अंतर्गत व्यय की गई धनराशि का ब्यौरा अनुबंध के रूप में संलग्न है।

(ग) और (घ): एससी छात्रों के लिए मैट्रिकपूर्व छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत, हाल ही में 2017-18 में भरण-पोषण भत्ते की दरों को दिवा छात्रों के लिए 150 रूपए प्रति माह से बढ़ाकर 225 रुपए प्रति माह और छात्रावासियों के लिए 350 रुपए प्रति माह से बढ़ाकर 525 रुपए प्रति माह कर दिया गया था।

(ii) 2017-18 से ओबीसी के लिए मैट्रिकपूर्व छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत और 01.01.2019 से ओबीसी के लिए राष्ट्रीय फैलोशिप के तहत छात्रवृत्ति की धनराशि में निम्नलिखित के अनुसार संशोधन किया गया है:-

क्र.सं.	योजना का नाम	छात्रवृत्ति की पुरानी दर	छात्रवृत्ति की संशोधित दर
1	ओबीसी छात्रों के लिए मैट्रिकपूर्व छात्रवृत्ति	**दिवा छात्र** कक्षा I से V : 25 रुपए प्रति माह, कक्षा VI से VIII : 40 रुपए प्रति माह, कक्षा IX से X : 50 रुपए प्रति माह (10 माह हेतु) **छात्रावासी** कक्षा III से VIII : 200 रुपए प्रति माह, कक्षा IX से X : 250 रुपए प्रति माह (10 माह हेतु)	**2017-18 से प्रभावी** **दिवा छात्र** कक्षा I से X : 100 रुपए प्रति माह (10 माह हेतु) **छात्रावासी** कक्षा III से X : 500 रुपए प्रति माह (10 माह हेतु)
2	ओबीसी छात्रों के लिए राष्ट्रीय फैलोशिप	आरंभिक दो वर्षों के लिए 25,000/- रुपए प्रति माह (जेआरएफ) शेष अवधि के लिए 28,000/- रुपए प्रति माह (एसआरएफ)	**01.01.2019 से प्रभावी** आरंभिक दो वर्षों के लिए 31,000/- रुपए प्रति माह (जेआरएफ) शेष अवधि के लिए 35,000/- रुपए प्रति माह (एसआरएफ)

अनुबंध

दिनांक 19.11.2019 को उत्तरार्थ लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 420 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण।

क्र.सं.	योजना का नाम	वर्ष					
		2016-17		2017-18		2018-19	
		जारी की गई केंद्रीय सहायता (करोड़ रुपए में)	लाभार्थियों की संख्या (लाख में)	जारी की गई केंद्रीय सहायता (करोड़ रुपए में)	लाभार्थियों की संख्या (लाख में)	जारी की गई केंद्रीय सहायता (करोड़ रुपए में)	लाभार्थियों की संख्या (लाख में)
1	अनुसूचित जातियों के छात्रों के लिए मैट्रिकपूर्व छात्रवृत्ति	506.14	20.20	62.82	22.82	115.40	26.83
2	अनुसूचित जातियों के छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति	2798.76	58.62	3414.09	59.25	5928.15	60.29
3	अनुसूचित जातियों के छात्रों के लिए उत्कृष्ट श्रेणी शिक्षा	28.50	0.02	33.94	0.18	025.48	0.13
4	अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए मैट्रिकपूर्व छात्रवृत्ति	129.14	154.59	128.23	49.29	121.84	28.69
5	अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति	875.87	39.79	829.62	39.68	1000.46	32.29

6	अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए राष्ट्रीय फैलोशिप	27.00	900	20.00	1200	30.00	2200
7	आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों (ईबीसी) के छात्रों के लिए डॉ. अंबेडकर मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति	15.12	1.84	11.00	0.15	23.00	6726
8	विमुक्त, घुमन्तू तथा अर्ध-घुमन्तू जनजातियों (डीएनटी) के छात्रों के लिए डॉ. अंबेडकर मैट्रिकपूर्व तथा मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति	4.50	प्रतीक्षित	5.40	0.42	9.00	0.53
9	अल्पसंख्यक छात्रों के लिए मैट्रिकपूर्व छात्रवृत्ति	749.43	41.54	1078.42	53.11	1264.29	56.91
10	अल्पसंख्यक छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति	361.42	62.49	413.84	69.81	423.18	68.43
11	मैरिट-कम-मीन्स छात्रवृत्ति	323.79	12.19	324.86	11.95	315.93	11.78